





# वासंतेय नवरात्र पर्व पर गूंजे मां के जयकारे

## धूमधाम से निकाली गई मंगल कलश शोभायात्रा

**जबलपुर।** शक्ति उपासना का पर्व चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो चुका है। प्रथम दिन माँ देवी के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की उपासना आराधना कर देवी देवालयों में घट स्थापना कर जवारों को बोया गया। कल सुबह से ही देवी मंदिरों में जल ढारने के लिये बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों खासकर महिलाओं की कतारें लग गईं थीं। शहर के अति प्राचीन बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, छोटी खेरमाई राईट टाऊन, छोटी देवन दीक्षितपुरा, काली दरबार सदर, मक्रवाहिनी मंदिर पानदरीबा, श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ मंदिर मढ़ाताल, श्री त्रिपुर सुंदरी मंदिर तेवर में पहले ही दिन से ही नवरात्र मेले की धूमधाम शुरू हो गई। वर्ष प्रतिपदा नये संवत्सर पर हिंदू संगठनों के द्वारा गुढ़ी पड़वा के रूप में नया वर्ष भी मनाया गया। गुड़ी पड़वा मनाकर पूजन अर्चन किया गया। वहीं जगह-जगह भगवा ध्वज और भगवा झंडियां लगाकर शहर को भगवामय बनाया गया। शक्ति की भक्ति का महापर्व शारदेय नवरात्र घटस्थापना के साथ प्रारंभ हो गया। रविवार की तड़के से ही मंदिरों में जल ढारने के लिये भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। वहीं देवी देवालयों, मठ मंदिरों में देर रात्रि तक घटस्थापना जवारों की बुवाई का सिलसिला चलता रहा। आज दूसरे दिन देवी के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा की जायेगी। लगातार नौ दिनों तक शहर शनैः-शनैः भक्ति में डूबता जायेगा। मातारानी के दरबार भव्यता के साथ सजाये गये। नगर के सभी देवी मंदिरों में आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की गई है। वासंतेय नवरात्र के प्रथम दिवस बैठकी पर तड़के से ही सड़कों पर श्रद्धालुओं का निकलना प्रारंभ हो गया। रात के प्रथम पहर ही लोग उठ गये और स्नान ध्यान कर उन्होंने पूजा-अर्चना प्रारंभ की। महिलायें जल लेकर माँ भवानी के पैर पखारने मंदिरों की ओर चल पड़ीं। बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, बूढ़ी खेरमाई मंदिर चारखंबा, सदर काली मंदिर, त्रिपुर सुंदरी मंदिर तेवर, श्री बगलामुखी सिद्धपीठ मढ़ाताल सिविक सेंटर, मक्रवाहिनी मंदिर पानदरीबा, छोटी देवन दीक्षितपुरा, छोटी खेरमाई मानस भवन राईट टाऊन में जल ढारने वाले महिला श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं नववर्ष प्रतिपदा पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभिन्न प्रखंडों में पथ संचलन निकाले गये। वहीं विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, दुर्गावाहिनी, अभिनव भारत आदि संगठनों ने भी धर्म जागरण रैलियां निकालीं और वर्ष प्रतिपदा नववर्ष की शुभकामनाएं लोगों को दीं।

### धूमधाम से निकली मंगल कलश शोभायात्रा

हिन्दू नववर्ष प्रतिपदा पर नारायणी सेना द्वारा 30 मार्च को चैत्र नवरात्र के शुभारंभ अवसर पर शाम 4 बजे से बाजे-गाजे और धूमधाम के साथ मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बैंड, ढोल, धमाल के बीच हिंदू देवी देवताओं की झांकियां निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भगवा ध्वज लेकर युवा व महिलाएं शामिल थी। शोभायात्रा में देवी देवताओं की झांकियां निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा छोटा फुहारा, मिलौनीगंज, तमरहाई चौक, कोतवाली, सराफा, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, मालवीय चौक, सुपर मार्वेट, लार्डगंज, घमंडी चौक होते हुए दमोहनाका पहुंची। नारायणी सेना जबलपुर के प्रमुख सीताराम सेन, राज कुमार भोजक, अरविन्द दुबे, मनोज जायसवाल, राहुल महाराज, राहुल हटारिया, नितिन चौदह आदि उपस्थित थे।

### माँ श्री शारदा आशीष दरबार में कलश की स्थापना

मां श्री शारदा आशीष दरबार शक्तिनगर में आशीष भैया द्वारा बैठकी पर शाम 7.30 बजे अखंड ज्योति कलश तथा खप्पर जवारे की स्थापना दरबार में की गई। रात्रि में 10.30 बजे के बाद दुर्गा सप्तशती का हवन किया गया। शहर व अन्य प्रांत से श्रद्धालुओं ने भी दरबार में श्री विग्रह के समक्ष सैकड़ों की तादाद में पहुंच कर अपने आस्थाओं के घट स्थापित कराऐ जाएंगे।दरबार प्रांगण में प्रतिदिन प्रातः काल 5 बजे से नित्य आचरण व आरती एवं शाम 7.30 बजे से मां शारदा देवी के विभिन्न रूपों की दिव्य महाआरती एवं देवी जागरण भजन होंगे। मां श्री शारदा दरबार व्यवस्था समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष मिलन मुखर्जी, श्रीमती शीला मिश्रा, श्रीमती ज्योत्सना मुखर्जी, श्रीमती कमलेश बेरी, श्रीमती कल्पना महाजन, सीमा मिश्रा, आदि ने भक्तो से उपस्थिति का आग्रह किया हैं।




# समाज निर्माण और राष्ट्रसेवा का संकल्प दोहराया

**राष्ट्रीय सयंसेवक संघ जबलपुर महानगर में वर्ष प्रतिपदा का कार्यक्रम आयोजित हुआ**

**जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया गया, जिसमें जबलपुर महानगर पर आयोजित कार्यक्रमों में कुल 3485 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने प्रेरणादायक उद्बोधन दिए, जिसमें समाज निर्माण और राष्ट्रसेवा का संकल्प दोहराया गया। कृषि भाग का कार्यक्रम जेडीए ग्राउंड, विजयनगर में आयोजित हुआ, जिसमें 673 स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही। जबलपुर विभाग प्रचारक श्री आनंद जी ने संघ के पंच भूत विमर्श पर चर्चा करते हुए हिंदू समाज के उत्थान एवं विकास के लिए करणीय विषयों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बेंगलुरु में संपन्न अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की प्रमुख चर्चाओं की जानकारी भी साझा की। नर्मदा भाग के कार्यक्रम में 1434 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। मुख्य वक्ता मध्य क्षेत्र सह प्रचारक श्री प्रेम शंकर जी ने डॉ. हेडगेवार जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, यह जीवन अपने लिए नहीं, बल्कि देश के लिए समर्पित होना चाहिए। हमें अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए, सभी कठिनाइयों को सहर्ष स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में प्रांत संघचालक डॉ प्रदीप दुबे जी, सहविभाग संघचालक अनिरुद्ध कौरवार जी भाग संघचालक श्री दुर्गा प्रसाद ग्यारसिया जी की उपस्थिति रही। आयुध भाग में भी वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया गया, जिसमें 1378 स्वयंसेवक उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारक श्री बृजकांत जी ने सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, हमारी संस्कृति आदि से अनंत तक अक्षुण्ण है, और इसे संरक्षित करना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में विभाग संघचालक डॉ. कैलाश गुप्ता, भाग संघचालक श्री वीरेंद्र सिंह एवं राष्ट्रीय बाल्मीकि समाज के शिवलाल जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# किसानों को 93 प्रतिशत बिजली सब्सिडी वहन करेगी सरकार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है एवं इसके अंतर्गत म.प्र. विद्युत नियामक आयोग द्वारा 29 मार्च 2025 को जारी विद्युत दरों के अनुसार क्रमशः तीन हॉर्स पॉवर, पॉच हॉर्स पॉवर एवं 10 हॉर्स पावर के कृषि उपभोक्ता ओं को पूर्ण वर्ष में 30730 रूपए, 54671 रूपए एवं 115655 रूपए का देयक बनता है, जबकि राज्य शासन द्वारा कृषि पंपो पर सब्सिडी की घोषणा की गई है जिसके अनुसार किसानों को मात्र रू. 750/- प्रति हॉर्स पॉवर प्रति वर्ष अर्थात उपरोक्ता श्रेणी के उपभोक्ता ओं को क्रमशः कुल 2250 रूपए, 3750 रूपए एवं रू. 7500 रूपए का ही भुगतान करना होगा।

सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी दरों पर सब्ड्सिभडी स्वीरकृत की गई है, जिसके अनुसार उपभोक्ता द्वारा दी जाने वाली राशि (रूपए 750 प्रति हॉर्स पॉवर) एवं आयोग द्वारा जारी दरों का अंतर सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। उपरोक्ता नुसार सब्सिरकडी देने पर शासन प्रत्योक 3 हॉर्स पावर पम्पक हेतु कुल राशि 28480 रूपए , 5 हॉर्स पावर पम्पह हेतु कुल राशि 50921 रूपए, 10 हॉर्स पावर पम्पा हेतु कुल राशि 108155 रूपए का भुगतान सबि0 डी के रूप में वहन करेगी। इस प्रकार की घोषणा से कृषि उपभोक्ताओं को नियामक आयोग द्वारा जारी दरों की मात्र लगभग 7 प्रतिशत राशि ही जमा करना होगी जबकि म.प्र. सरकार कृषि उपभोक्तारओं के बिलों का लगभग 93 प्रतिशत राशि सबसिडी के रूप में वहन करेगी। ज्ञात हो कि राज्यग शासन द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान कृषि श्रेणी के उपभोक्ता ओं के अलावा 150 यूनिट प्रति माह तक मासिक वाले घरेलू उपभोक्ता ओं को प्रथम 100 यूनिट पर मात्र रू.100 रूपए का ही भुगतान करना होता है जबकि 100 यूनिट खपत पर शहर के प्रत्येंक घरेलू उपभोक्ता ओं के लिये सरकार सबसिडी के रूप में लगभग 566 रूपए का भुगतान करेगी। इस प्रकार के घरेलू उपभोक्ताय जिनको सरकार डी प्रदान कर रही है उनकी संख्यान पूरे प्रदेश में लगभग एक करोड़ सात लाख (1.07 करोड़) है। इस प्रकार विगत वित्तीय वर्ष में सरकार द्वारा कुल लगभग 23695 करोड़ रूपए सब्विर्डी के रूप में एवं पूर्व के वर्ष के 3067 करोड़ रूपए , अतः कुल 26762 करोड़ रूपए वहन किये है एवं सरकार द्वारा आज की गई घोषणा के कारण अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु लगभग इतनी ही राशि बतौर सब्किारडी वहन की जाएगी।

# तालाब हो गया खाली, कैसे होगा जवारों का विसर्जन

## धीमी गति से चल रहा हनुमानताल की सफाई और सौंदर्यीकरण का काम

**जबलपुर।** शहर के अति प्राचीन व धार्मिक महत्व के लिये पहचान रखने वाले सरोवर हनुमानताल के पुर्नद्धार और सौंदर्यीकरण के लिये तालाब की सफाई कराई जा रही है। तालाब का पूरा पानी निकाल लिया गया है और मलवा निकालने का काम चल रहा है इस बीच चैत्र नवरात्रि का पर्व प्रारंभ हो चुका है और ६ अप्रैल को रामनवमीं पर जवारों का विसर्जन जुलूस निकाला जायेगा वहीं एकादशी को बड़ी खेरामाई और पूर्णिमा के दिन बूढ़ी खेरमाई के जवारों का विसर्जन होता है, ऐसे में अब सवाल यह है कि तालाब खाली हो गया और जवारों का विसर्जन कैसे होगा और कहां होगा? हाला कि कहा जा रहा है कि तालाब के एक छोर पर विसर्जन कुण्ड बनाया जायेगा। जहां जवारों के विसर्जन की व्यवस्था की जायेगी। गौरतलब है कि तालाब पूरा खाली हो चुका है पूरी तरह से दलदल है मलवे को



निकालकर घाटों के सामने रख दिया गया है। तालाब के चारों तरफ मलवे का ढेर लगा हुआ है। तालाब से मलवा निकालने व उसकी ढुलाई का काम अत्यंत धीमी गति से हो रहा है। व्यस्ततम् क्षेत्र होने के कारण मलवे की ढुलाई रात्रि में की जा रही है लेकिन उसका सुपरवीजन नहीं होने से कारण डंपर और ट्रक रास्ते भर मलवा गिराते जा रहे हैं। यहां उल्लेखनीय है कि शहर के देवी दिवालों में और सार्वजनिक मंदिरों में घट स्थापना के साथ जवारे बोये जाते हैं जिनका विसर्जन रामनवमीं से लेकर अगले *-४ दिनों तक चलता रहता है। अधिकांश जवारों का विसर्जन हनुमानताल में किया जाता है। जवारों के साथ-साथ हवन पूजन की सामग्री भी विसर्जित की जाती है ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि तालाब खाली होने पर जवारों की विसर्जन व्यवस्था के लिये प्रशासन को इंतजाम करने पड़ेंगे। सूत्रों के मुताबिक खेरमाई ट्रस्ट सहित अन्य मंदिरों के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन से इस संबंध में व्यवस्था करने की बात कही गई है। लिहाजा प्रशासन द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि हनुमानताल थाने के सामने वाले घाट में एक अस्थाई कुण्ड का निर्माण किया जायेगा जहां विसर्जन की व्यवस्था तय होगी। साथ ही यह अपेक्षा की गई है कि बारिश के पहले-पहले तालाब की सफाई जल्द से जल्द कर ली जाये ताकि बारिश में जल का संग्रहण हो सके। बारिश के दौरान तीजा और गणेश उत्सव जैसे पर्व आते हैं और इसी तालाब में प्रतिमाओं का विसर्जन भी किया जाता है। त्यौहारों के पहले घाटों का निर्माण और तालाब की सफाई कर ली जाये।

## एकीकृत शाला में लगा एमएलएन मेला

**जबलपुर।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला पश्चिमी करिया पाथर जबलपुर में एफ एल एन मेले का आयोजन किया गया प्रधानाध्यापिका श्रीमती छाया जैन द्वारा मेले में पधारे अभिभावकों का तिलक लगाकर माला पहनाकर स्वागत किया गया। शालेय परिवार ने अभिभावकों का तिलक वंदन किया। प्रथम पंक्ति में रजिस्ट्रेशन का कार्य हरिश्चंद्र वर्मा एवं रॉबर्ट मार्टिन द्वारा किया गया। शारीरिक विकास की गतिविधि वंदना विश्वकर्मा एवं रश्मि गुप्ता द्वारा संचालित कराई गई बौद्धिक विकास की गतिविधि का संचालन श्रीमती राधा सोनकर एवं ममता श्रीवास्तव द्वारा संचालित कराया गया। भाषा विकास का संचालन श्रीमती सीमा तिवारी और फरजाना बानो द्वारा संचालित कराया गया। गणित की पूर्व तैयारी श्रीमती कृष्णा रत्नाकर और राम शंकर श्रृंगी द्वारा संचालित करायी गई। समस्त शाला परिवार श्रीमती छाया जैन रॉबर्ट मार्टिन हरिश्चंद्र वर्मा मोनिका सोनी पदमा मालवीय अमित केसरवानी मंजु लता सोनी शबनम कुरेशी पूजा सोनकर ममता श्रीवास्तव सीमा तिवारी राधा सोनकर कृष्णा रत्नाकर फरजाना बानो वंदना विश्वकर्मा रिक्त हैमिल्टन मिल्टन रश्मि गुप्ता राम शंकर श्रृंगी ने मेले में उत्साह के साथ भाग लिया।

## कांग्रेस सेवा दल ने गढ़ा में किया मासिक ध्वज वंदन

**जबलपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के महासचिव डॉक्टर सत्येंद्र यादव तथा मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष योगेश यादव के आग्रह पर जबलपुर कांग्रेस सेवादल के द्वारा गढ़ा में मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम क्षेत्र के पार्षद मनीष पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंडित सतीश तिवारी ,ब्लॉक अध्यक्ष श्री बलवंत सिंह गुर्जर ,ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार चौबे, महिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष एडवोकेट मीनाक्षी स्वामी, कांग्रेस सेवा दल प्रवक्ता जितेंद्र यादव, उमेश पटेल, प्रज्ञा कर, रामटेक, प्रज्वल कटर,राजकुमार पटेल सहित अनेक वरिष्ठ जन एवं क्षेत्र नागरिक उपस्थित थे.

## फायनेंस मोबाईल के भुगतान को लेकर विवाद, दुकनदार से मारपीट

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत पंजाब बैंक कालोनी में स्थित एक मोबाईल शॉप से फायनेंस कराए गये मोबाईल के बिल भुगतान को लेकर युवकों ने दुकानदार की पिटाई कर दी. जिससे वह घायल हो गया, उसे इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की रात आशु मोबाईल शॉप से मोबाईल फायनेंस कराने वाले आरोपी मयूर कुंडेल ने 11 हजार का एक मोबाईल फायनेंस कराया था. जिसकी 8 किश्तें बनीं थी जिसकी 4 वह चुका चुका था. बिल मांगन पर दुकानदार आशीष प्रधान से विवाद हुआ. जिसके बाद आरोपी मयूर कुंडेल और उसके साथ आकाश ने हथौड़ी से आशीषा पर हमला कर दिया. पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 331(6), 296, 115(2), 324(4), 351(2) 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।



## चेटीचंड पर्व पर निकली भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा

**जबलपुर।** चेटीचंड पर्व पर सिंधी नवयुवक मंडल द्वारा श्री झूलेलाल मंदिर भर्तीपुर से एक आकर्षक भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं बच्चे एवं पुरुष भक्ति में वातावरण में असंख्य संख्या में उपस्थित थे यात्रा में बैलगाड़ी पर भगवान झूलेलाल की मनोरम झांकी, युवकों द्वारा पालकी में भगवान झूलेलाल विराजमान एवं बहराणा साहेब मुख्य आकर्षण थे। समस्त यात्रा में अनेक संस्थाओं एवं लोगों ने घरों से पुष्प वर्षा की एवं अनेक जगह पर स्टाल लगाकर यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा का शुभारंभ स्वामी अशोक नंद, स्वामी प्रदीप महाराज, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, विधायक अशोक रोहाणी, ने झंडी दिखाकर किया। इस यात्रा में विधायक अभिलाष पांडे, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, उधवदास पारवानी, दिलीप तलरेजा, विजय रोहाणी सहित अन्य गणमान्य जन मौजूद थे. भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा झूलेलाल मंदिर भर्तीपुर से प्रारंभ होकर, विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुये वापस मंदिर पहुंचीं, जहां शोभायात्रा का समापन हुआ।

## भगवान सूर्य की उपासना के साथ और ब्रह्म ध्वज की स्थापना

# भारतीय नव वर्ष प्रकृति के साथ सामंजस्य बैठाने का पर्वः राकेश सिंह

**जबलपुर।**

सृष्टि के आरंभ दिवस और भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2082 की शुरुआत पर आज यहाँ गोल बाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में भगवान सूर्य की उपासना की गई और पूरे विधि विधान से सृष्टि के रचियता भगवान ब्रह्मा के प्रतीक ब्रह्मध्वज की स्थापना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भगवान सूर्य के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये जिले और प्रदेश के नागरिकों को भारतीय नववर्ष और चैत्र नवरात्रि की शुरुआत पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भगवान सूर्य की उपासना सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं है, बल्कि हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा स्थापित परंपरा के अनुसार प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाने का पर्व है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि भारत का नव वर्ष काल और समय की गणना भर नहीं है बल्कि ऋतुओं में बदलाव एवं प्रकृति में होने वाले परिवर्तन और इन सबका मानव जीवन पर पड़ने वाले असर का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इन सब परिवर्तनों का किस तरह भगवान सूर्य की आराधना एवं पूजा पद्धति के माध्यम से लाभ उठाया जा सकता है यह भी हमारे ऋषि-मुनियों ने हमें बताया है। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने अपने संबोधन में वर्ष प्रतिपदा पर भगवान सूर्य की उपासना की शुरुआत को अनुपम बताया और इसके लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार भी व्यक्त किया।



कार्यक्रम में विधायक अजय विश्नोई एवं अशोक रोहाणी, गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया के स्वतंत्र निदेशक और प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, समाजसेवी और मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष, डॉ जीतेन्द्र जामदार, माध्यमिक शिक्षा मंडल के उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव, संभागायुक्त अभय वर्मा, कलेक्टर दीपक सक्सेना, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव, अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह एवं नाथूराम गोंड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी भी मौजूद थे। कार्यक्रम स्कूली बच्चों द्वारा भगवान सूर्य की उपासना की गई तथा स्कूली बच्चों द्वारा सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम प्रस्तुत किया गया। सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर केंद्रित नाटक का मंचन भी इस अवसर पर किया गया।

## रंगदारी नहीं देने पर पेंचकस से हमला

**जबलपुर।** हनुमानताल थानान्तर्गत कल दोपहर लाईट फिटिंग का काम करने एक घर में आए युवक से एक बदमाश ने पार्टी करने 500 रूपए मांगे मना करने पर आरोपी ने हाथापायी कर पेंचकस से हमला कर युवक के कंधे व कलाई में गंभीर चोटें पहुंचायी। इस दौरान बीच बचाव करने आये युवक के साथी पर भी आरोपी ने पेंचकस से हमला कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग गया। हनुमानताल पुलिस ने बताया कि टेढ़ी नीम हनुमानताल निवासी मोहम्मद जलील लाईट फिटिंग का काम करता है। कल दोपहर लगभग सवा दो बजे जलील अपने साथी तौसीफ के साथ लाईट फिटिंग का काम करने परिचित छरछरा निवासी इरफान के घर आया था। तभी बाबा टोला निवासी सद्दाम इरफान के घर पहुंचा और पार्टी करने जलील से पांच सौ रूपए मांगने लगा मना करने पर सद्दाम ने जलील पर पेंचकस से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचायी। बीच बचाव करने आये साथी तौसीब पर भी आरोपी ने पेंचकस से हमला कर दिया।

# पनागर में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ

## परियट नदी स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव के आह्वान पर एवं जिला कलेक्टर के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पनागर के द्वारा आज जल गंगा संवर्धन अभियान,नदी संरक्षण पुनर्जीवन कार्यक्रम का आयोजन विक्रम संवत सूर्य उपासना नव संवत मनाकर किया गया इस अवसर पर भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक पनागर के द्वारा बताया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में 30 मार्च से 30 जून तक चलने बाले जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे विकासखंड में नवांकुर संस्थाओ, मेंटर्स, प्रस्फुटन समितियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं, अन्य स्वैच्छिक संगठनों के साथ प्रतिदिन जल संरचनाओं की स्वच्छता साफ सफाई का कार्य किया जाना है।

इस अवसर पर आज विकासखंड पनागर में ग्रामों में कलश यात्रा निकालकर परियट नदी का पूजन करके ग्राम निरंद्रपुर में नवांकुर संस्थाओ, प्रस्फुटन समितियों के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं की स्वच्छता,नदी की साफ सफाई गहरीकरण का कार्य किया प्रारंभ किया गया है। साथ ही ग्राम सरसवा में प्रस्फुटन समितियों,ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में श्रमदान से तालाब की स्वच्छता, साफ सफाई, की गई उपस्थित जनो को जल स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

ग्राम फूटाताल में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं नवांकुर संस्थाओ,प्रस्फुटन समितियो के सदस्यों, मेंटर्स के साथ जल जनजागरूकता रैली, तालाब की स्वच्छता साफ सफाई का कार्य जनसहयोग से करते हुए आम जनो को जल स्वच्छता का संदेश



देते हुये जनजागरूक किया गया है कार्यक्रम में भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक पनागर, सरपंच सरसवा सुशीला विश्वकर्मा, संजय पाण्डे, चंद्र प्रकाश परिहार, राजकुमार बर्मन, कैलास असाटी निरंद्रपुर, नवांकुर संस्था सेक्टर प्रभारी संजीत अहिरवार,पारस दाहिया, अजय पटेल, मेंटर्स पार्वती लोधी, सुभम पटेल, सुशील सेन,मनोज प्रजापति के साथ ग्रामो की प्रस्फुटन समितियो के सदस्य, छात्र, छात्राओ के साथ अन्य ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया है।

## भेड़ाघाट में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा 30 मार्च 2025 से 90 दिवस हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ अवसर पर नगर परिषद भेड़ाघाट के अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी एवं उपाध्यक्ष जगदीश दाहिया की उपस्थिति में माँ नर्मदा पूजन एवं महाआरती की जाकर निकाय क्षेत्र में जल स्त्रोतों संरक्षण अभियान के तहत आज 30 मार्च को वार्ड क्रमांक 10 भड़पुरा में खराब हैण्डपम्प का सुधार कार्य कराया गया, जिसमें वार्ड की पार्षद ग्यारसी बाई एवं परिषद के सदस्यों सहित निकाय के सीएमओ विक्रम सिंह झारिया, सुरेन्द्र दुबे, लक्ष्मी नारायण दुबे, ओभी मुखर्जी, विजय कोरी, संदीप बर्मन, रज्जन पटेल, विजय भूमियां, राकेश श्रीपाल, सचिन पटेल सहित कर्मचारियों की उपस्तिथि उल्लेखनीय रही।



# धुआंधार स्टैंड में पानी की त्राहि-त्राहि, पर्यटक परेशान

**भेड़ाघाट।** भीषण गर्मी का दौर चालू होते ही धुआंधार स्टैंड में पानी का संकट हो रहा है धुआंधार स्टैंड पर पानी की टंकी तो रखी है परन्तु इस पानी की टंकी में पानी नहीं रहता है जिससे पयर्टकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है नगर परिषद भेड़ाघाट के जिम्मेदारों को सिर्फ आय से मतलब है मूलभूत सुविधाओं से कोई सरोकार नहीं है तभी तो पानी की समास्या की तरफ किसी का ध्यान नहीं है संगमरमर की वादियों को निहारने देश विदेश से पयर्टक आते हैं और यहां कि अव्यवस्था को देख कर पर्यटक का मन खिन्न हो जाता है। यहां के व्यापारियों ने बताया कि अधिकारियों द्वारा कभी भी निरीक्षण नहीं किया जाता है जिससे पयर्टकों को सुविधाओं के नाम पर कोई सुविधा नहीं है। नगर परिषद भेड़ाघाट के जिम्मेदारों को सिर्फ आय से मतलब है मूलभूत सुविधाओं की तरफ किसी जनप्रतिनिधि या अधिकारीयों का ध्यान नहीं हैं कई पर्यटकों ने बताया कि धुआंधार में फैली अव्यवस्था को देख कर लगता हैं कि अधिकारियों कर्मचारियों पर शासन प्रशासन का कोई अंकुश नहीं है।



## नगर वीर शिवाजी शाखा में हिंदू नव वर्ष मनाया

**मझौली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मझौली नगर वीर शिवाजी शाखा में हिंदू नव वर्ष चैत्र नवरात्रि के अवसर पर अर्ध सरसंचालक प्रणाम किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता महेंद्र तिवारी उपस्थित रहे उन्होंने अपने वक्तव्य में राष्ट्र को समर्पित वर्तमान परिस्थितियों के विषय में अपनी बात को रखा और सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस कार्यक्रम में आभास साहू श्रीकांत जैन लोमेश चौरसिया राहुल दुबे भारत शेखर कोस्टा सुरेंद्र चक्रवर्ती सचिन चौधरी रिंकू कोस्टा और सामाजिक व्यक्ति उपस्थित रहे।



## पोषण भी पढाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**मझौली।** पोषण भी पढाई भी कार्यक्रम अंतर्गत महिला बाल विकास परियोजना मझौली द्वारा समस्त आंगनबाडी कार्यकर्ताओं का 03 दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 24 मार्च से 29 मार्च 2025 तक दो चरणों में दिया गया है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य 0-3 वर्ष के बच्चों का प्रारंभिक प्रोत्साहन एवं 3-6 वर्ष के बच्चों का प्रारंभिक बाल देखभाल और शिक्षा को बढावा देना है।आंगनबाडी कार्यकर्ता को ई.सी.सी.ई. पाठ्यक्रम और शौक्षणिक दृष्टिकोणों की बुनियादी समझ एवं क्षमताओं को विकसित करना ताकि वे उच्च गुणवत्ताब वाले खेल आधारित ई.सी.सी.ई. प्रदान कर सके। इसके साथ ही दिव्यांतग बच्चों की पहचान कर सामान्या बच्चों के साथ समावेश करना व गृहभेंट कर उनकी देख भाल करने वालों को प्रशिक्षित करना है। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर श्रीमती रश्मि झारिया, सुश्री पार्वती लोधी, श्रीमती वंदना वाल्मीवकि, श्रीमती अन्नतपूर्णा श्रीवास्तव, श्रीमती नगीना सैनी, श्रीमती सुनीता शर्मा द्वारा समस्तन आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को कोर्स डायरेक्ट श्रीमती राखी सैयाम परियोजना अधिकारी की उपस्थिति में प्रदाय किया गया।

## आबकारी विभाग ने जप्त की 41 हजार की मदिरा

**सिहोरा।** आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार मदिरा के अवैध निर्माण,विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन पर विशेष सतर्कता एवं कठोरता से प्रभावी अंकुश लगाये जाने के मद्देनज़र कलेक्टर के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त के मार्गदर्शन में वृत्त सिहोरा में स्थिति एन एच 30 जबलपुर कटनी रोड पर स्थित एमजी प्लाजा के पीछे नहर के पास अवैध मदिरा के संग्रहण की सूचना पर रात लगभग 9.15 पर दबिश दी गयी। तलाशी के दौरान आरोपी रामकेश पटेल पिता स्वर्गीय सुग्रीव प्रसाद उम्र लगभग 48 वर्ष के कब्जे से एक पेटी देशी मदिरा प्लेन,दो पेटी मसाला, 1 पेटी देशी मदिरा प्लेन, 2 पेटी देशी मदिरा मसाला, 35 पाव ब्लेंडर प्राइड व्हिस्की, एक पेटी बडवाइसर मैग्नम, एक पेटी बडवाइसर किंग्स ऑफ़ बियर, एक पेटी हंटर बियर कुल 69.3 बल्क लीटर बरामद कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधन 2000 की धारा 34(1) व 34(2) का दंडनीय अपराध होने से मौके पर गिरफ्तार किया।माननीय न्यायालय के समक्ष आरोपी को पेश किया जावेगा। कार्यवाही में जप्त मदिरा का अनुमानित मूल्य 41240/- रु है। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक श्वेता सिंह तिवारी, मुख्य आरक्षक नेकलाल बागरी,आरक्षक संत लाल मरावी, फूल सिंह ऐंटिआ, अमिता केशरवानी,अशोक सिंह बघेल एवं ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहें।

## नगर परिषद भेड़ाघाट का बजट पास

**भेड़ाघाट।** नगर परिषद भेड़ाघाट में परिषद की बैठक आयोजित की गई, जिसमें परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट सर्वसम्मति से पास किया गया, जिसमें अनुमानित आय 18 करोड़ 35 लाख 40000/- हजार अनुमानित व्यय 18 करोड़ 30 लाख 40000/ हजार रुपए एवं बचत 5 लाख रुपए है। परिषद की बैठक में निकाय अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, उपाध्यक्ष जगदीश दाहिया, विधायक प्रतिनिधि ओमनारायण दुबे, पीआईसी सदस्य श्रीमती मीनाक्षी हीरेन्द्र प्रताप सिंह, सुश्री काजल दुबे, श्रीमती नरबदा बाई, रमेश कुमार यादव, निरंजन भूमियां, परिषद के सदस्य महेश प्रसाद तिवारी, सजल तिवारी,अजय पटेल, श्रीमती संध्या सिंह, श्रीमती ग्यारसी बाई, श्रीमती सुनीता मरावी, श्रीमती विमला बाई, अनिकेत भूमियां, निकाय के सीएमओ विक्रम सिंह झारिया, उपयंत्री सुश्री निधि परोहा, लेखपाल मधुर यादव, राजस्व निरीक्षक अनुज सिंह, स्थापना प्रभारी ओभी मुखर्जी, योजना प्रभारी विजय कोरी के साथ निकाय के अन्य कर्मचारीगण की उपस्थिति सराहनीय रही।

## हिंदू नव वर्ष आरएसएस ने अर्ध सरसंचालक प्रणाम किया

**मझौली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मझौली नगर वीर शिवाजी शाखा में आज हिंदू नव वर्ष चैत्र नवरात्रि के अवसर पर अर्ध सरसंचालक प्रणाम किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता महेंद्र तिवारी उपस्थित रहे उन्होंने अपने वक्तव्य में राष्ट्र को समर्पित वर्तमान परिस्थितियों के विषय में अपनी बात को रखा और सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की इस कार्यक्रम में आभास साहू श्रीकांत जैन लोमेश चौरसिया राहुल दुबे भारतजी शेखर कोस्टा सुरेंद्र चक्रवर्ती सचिन चौधरी रिंकू कोस्टा और सामाजिक व्यक्ति उपस्थित रहे।

# फिट इण्डिया संडे ऑन साइकिलिंग अभियान में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया



हरिभूमि जबलपुर।

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंग अभियान के तहत साइकिलिंग रैली का आयोजन, भारतीय खेल प्राधिकरण रानीताल स्पोर्ट्स रानीताल में आयोजित की गई थी । साइकिलिंग रैली को आशीष पांडेय, जिला खेल अधिकारी, रमेश परिहार, युथ हॉस्टल तथा श्रीमती दुर्गेश नंदिनी, केंद्र प्रभारी एसटीसी जबलपुर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया, निर्धारित रूट 10 किलोमीटर की थी। जोकि रानीताल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, जबलपुर से होते हुए बलदेव बाग़ चौक, ऊखरी चौक, एकता चौक से अंहिसा चौक, एसबीआई चौक, दीनदयाल बस स्टैंड से वापस उसी रोड से रानीताल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में समाप्त हुई । रैली को रवाना करने से पूर्व शहर के निवासीगण, उत्साही खेल प्रेमियों, खिलाडियों को तथा बालक/बालिकाओं को टी-शर्ट वितरित की गई । तद्पश्चात सभी भाग लेने वाले प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई और प्रतिभागियों ने रैली प्रांरभ की । साईकिल रैली में fight-obestity का सन्देश देते हुए प्रतिभागियो ने रैली निकाली, इस रैली में 60 से अधिक प्रतिभागियों में हिस्सा लिया, इस साइकिलिंग रैली में शहर के निवासीगण, उत्साही खेल प्रेमियों ने, खिलाडियों ने, खेलों इंडिया सेंटर के खिलाडियों ने तथा बालक/बालिकाओं ने बढ़चढ़कर के भाग लिया एवं सभी प्रतिभागियों के लिए स्वल्पाहार का वितरण किया गया था ।

रैली में आशीष पांडेय, कुलदीप सिंह बरार, रमेश परिहार, श्रीमती हरप्रीत कौर, मनोज तिवारी, एवं सभी एसटीसी जबलपुर के कर्मचारीगण उपस्थित थे तथा सभी आये प्रतिभागियों को, एसटीसी के कर्मचारीगणो को, साथ में आये बालक/बालिकाओं के माता-पिता का, यातयात पुलिस, पुलिस , स्वस्थ विभाग, नगर-निगम को इस अभियान में सहयोग करने के लिए केंद्र प्रभारी श्रीमती दुर्गेश नंदिनी ने आभार व्यक्त किया ।

# विद्यार्थियों की मांग पूरी कराना पहली प्राथमिकताः संतोष बरकडे

- शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल महाविद्यालय का स्नेह सम्मेलन
- विद्यार्थियों को मिले गोल्ड मेडल, प्राचार्य पदक

**सिहोरा।** महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की विभिन्न मांगों को सरकार के समक्ष रखकर उन्हें पूरा कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। सिहोरा का महाविद्यालय अपनी शैक्षणिक गतिविधियों एंव उत्कृष्ट अध्यापन कार्य के कारण आज प्रदेश के श्रेष्ठ महाविद्यालयों में शामिल है जिसका श्रेय समस्त स्टाफ एंव विद्यार्थियों को जाता है। उक्ताशय के विचार विधायक संतोष बरकडे ने शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए।



तुलसी के पौधे से अतिथियों का सम्मान स्नेह सम्मेलन का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर डॉ एम.के.श्रीवास्तव की अध्यक्षता तथा राजा मोर अध्यक्ष जन भागीदारी समिति,श्रीमती संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष,श्रीमती रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री अध्यक्ष जनपद पंचायत सिहोरा के विशिष्ट आतिथ्य तथा अनुपम सराफ, पुष्पराज सिंह बघेल,माधव मिश्रा,राशी असाटी,शिशिर पांडे,अंकित तिवारी,नीरज पांडे,सतीश पटेल,नीलू बाजपेयी,सुधाकर तिवारी की उपस्थिति में किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत तुलसी का पौधा एंव पुष्प हार भेंटकर किया गया। प्राचार्य ने महाविद्यालय की उपलब्धियों का विस्तृत वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया ।

### महाविद्यालय में हो विवेकानंद की मूर्ति स्थापित

स्नेह सम्मेलन के दौरान जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजा मोर ने छात्र छात्राओं की तरफ से मुख्य अतिथि के सामने महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित करने के साथ कालेज के सामने स्थित मैदान को राज्य शासन के द्वारा महाविद्यालय के नाम पर हस्तांतरित करवाने की मांग रखी जिसको उन्होंने सरकार के समक्ष रखकर पूर्ण कराने की बात कही। कालेज के छात्र, छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसका निर्देशन डॉ. अनंदीलाल कुर्मी के द्वारा किया गया।

### रेखा गडारी, रिचा त्रिपाठी को गोल्ड मेडल

आइक्यूएसी द्वारा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ.रुपेश कुशवाह केमिस्ट्री,डॉ.गौरव द्विवेदी,डॉ.जागेश्वर प्रजापति एवं डॉ.संदीप कुर्मी,एंव डॉ डी के बघेल को एनसीसी में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।कालेज के पूर्व प्राध्यापक श्रीमती कान्ति डे,नागेन्द्र कुररिया एवं डॉ अरुणा पांडे के द्वारा उनके परिजनों के नाम स्थापित गोल्ड मेडल इस वर्ष कुमारी रेखा गराड़ी केमिस्ट्री,कुमारी रिचा त्रिपाठी बीएससी बायोलाजी को प्रदान किया गया।

### पांच छात्र छात्राओं को मिले प्राचार्य पदक

महाविद्यालय द्वारा पांच छात्र छात्राओं को प्राचार्य पदक प्रदान किया गया जिसमें रुखसाना बी बहना एमएससी फिजिक्स,मनीष कुमार इकोनॉमिक्स, दिनेश गर्ग एम.ए.हिंदी,सुंदरी दुबे एम.ए.राजनीति शास्त्र,कुमारी माधुरी सेन बी.ए शामिल थीं। नीलू चौधरी,मीनू पटेल,आशु एवं अन्य खिलाड़ियों को ट्रैकसूट,शूज एवं किट प्रदान की गई ।मंच संचालन डॉक्टर अर्चना नामदेव द्वारा किया गया।

**श्री राकेश कथूरिया-** भारत हाउसिंग सोसायटी मदन महल निवासी श्री राकेश कथूरिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गगन ठाकुर-** टैगोर नगर पोलीपाथर बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ निवासी श्री गगन ठाकुर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला देवी झा-** शोभापुर गोकलपुर निवासी श्री गूरू प्रसाद झा की धर्मपत्नी श्रीमती विमला देवी झा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अनूप लाल-** धोबीघाट कजरवारा वाटर वर्क्स रोड निवासी श्री अनूप लाल (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद पटेल-** महाराजपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री विनोद पटेल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**अंश चौधरी-** भोला नगर ग्रीन सिटी रोड माढ़ोताल निवासी श्री दिलीप चौधरी के पुत्र अंश चौधरी (13) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आदर्श अंसोरिया-**




आईटीआई के सामने माढ़ोताल निवासी श्री प्रवीण अंसोरिया के पुत्र श्री आदर्श अंसोरिया (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री तुलसीराम प्रजापति-** शारदा नगर करमेता निवासी श्री तुलसीराम प्रजापति (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा राय-** मदनमहल गंगासागर रोड निवासी श्री सुरेश राय की धर्मपत्नी श्रीमती रमा राय (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रीति विश्वकर्मा-** नेशनल कॉलोनी बृजमोहन नगर रामपुर निवासी श्री विनोद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति विश्वकर्मा (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सारंग कार्तिकेय-** अनंततारा तिलहरी निवासी श्री सुरेश लाल कार्तिकेय के पुत्र श्री सारंग कार्तिकेय (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मोहन चंद गुछाईत-** स्नेह नगर गढ़ा रोड निवासी श्री मोहन चंद गुछाईत (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

## खबर संक्षेप

### तीसरे दिन भी कांपी म्यांमार की धरती



**नाएप्यीडॉ।** म्यांमार शुक्रवार को आए शक्तिशाली भूकंप के बाद लगातार धरती कांप रही है। यूएसजीएस के मुताबिक, रविवार को म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर के पास 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने इसकी तीव्रता 4.6 बताई। यह शुक्रवार के विनाशकारी भूकंप के बाद आए झटकों में सबसे नया था। भूकंप के झटके महसूस होने पर मांडले की सड़कों पर लोग चीखने लगे।

### बलूचिस्तान में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहाल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की सरकार ने क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति के बीच कई प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों पर रात के समय यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया है, जहां हाल के हफ्तों में वाहनों पर कई आतंकवादी हमले हुए हैं। बता दें कि, अशांत प्रांत में वाहनों पर कई आतंकी हमले हुए हैं, जब बंदूकधारियों ने राजमार्गों पर आवाजाही पर रोक लगाई और यात्रियों की पहचान करने के बाद उन्हें मार डाला।



### अपहरण के संदेह में 16 लोगों की हत्या की



**अबुजा।** दक्षिणी नाइजीरिया में भीड़ ने अपहरणकर्ता होने के संदेह में हमला कर 16 लोगों की हत्या कर दी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता मोसेस यामू ने एक बयान में बताया कि सभी पीड़ितो को एडो राज्य के यूरोमी क्षेत्र में स्थानीय सुरक्षा कर्मियों द्वारा रोके जाने के बाद उनकी हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि सभी पीड़ित उत्तरी नाइजीरिया के रहने वाले थे। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में देखा गया।

---

नवरात्रि के पहले दिन श्रद्धालुओं ने मंदिर में टेका मत्था

# माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, जय माता दी बोलकर चलते रहे भक्त

माता वैष्णो देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा की, मंदिर में उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने माता से आशीर्वाद लिया और नवरात्रि का उत्सव धूमधाम से शुरू किया।

एजेंसी ▶▶ जम्मू

माता वैष्णो देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। नवरात्रि के दौरान हर दिन देवी दुर्गा को एक अलग रूप समर्पित किया जाता है, पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। इस अवसर पर माता वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए बहुत से लोग मंदिर पहुंचे। भक्तों ने मां शैलपुत्री से आशीर्वाद लिया और विधिपूर्वक पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण भक्ति देखी गई। मंदिर प्रशासन ने भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष उपाय किए हैं ताकि नवरात्रि के दौरान उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी। पहले दिन की पूजा के बाद, श्रद्धालु खुशी और आशीर्वाद से नवरात्रि के बाकी दिनों के लिए तैयार हैं।

### नवरात्र की एलजी ने दी बधाई

नवरात्र पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने लोगों को बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कश्मीरी पंडित भाईयों और बहनों को भी बधाई दी है, जो नवरेह मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर्व हमें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। कहा कि महिलाओं के राष्ट्र निर्माण में समान भागीदार के रूप में सम्मान दिया जाए। उन्होंने मां दुर्गा से प्रार्थना की कि वह सभी पर समान रूप से आशीर्वाद बनाए रखें।





### दिव्यांग के लिए दी जा रही निःशुल्क सेवाएं

मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अंशुल गर्ग ने बताया कि बोर्ड ने घोषणा की है कि तीर्थयात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए विकलांग व्यक्तियों को कटरा बेल्ट में विभिन्न निशुल्क सेवाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांग तीर्थयात्रियों के लिए हाल ही में कई पहल शुरू की गई हैं, जिनमें हेलीकॉप्टर बुकिंग, आरती और निशुल्क बैटरी कार सेवाओं में समर्पित कोटा शामिल है। अंशुल गर्ग ने बताया कि माता वैष्णो देवी मंदिर में हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए अग्रिम ऑनलाइन बुकिंग अब वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग तीर्थयात्रियों के लिए एक विशेष श्रेणी के रूप में उपलब्ध है। ऑनलाइन बुकिंग आरक्षण बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है. उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए अर्धकुंवारी में 1,500 तीर्थयात्रियों के लिए सभी मौसम के अनुकूल विश्राम क्षेत्र की स्थापना की जा रही है।

---

सरकार का बड़ा फैसला, गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

# मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में छह महीने के लिए बढ़ा आफस्पा

अफस्फा कानून के तहत किसी भी व्यक्ति के खिलाफ गोली चलाने का अधिकार

*गृह मंत्रालय ने मणिपुर अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में अफस्पा को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। मणिपुर के 5 जिलों के 13 थाना क्षेत्रों को छोड़कर बाकी हिस्सों में यह लागू रहेगा। अरुणाचल प्रदेश के तिरप,चांगलांग, लोंगडिंग और तीन थाना क्षेत्रों में इसे फिर लागू किया गया है। नगालैंड के आठ जिलों में एएफएसपीए(आफस्पा) बढ़ाया गया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में 6 महीने के लिए सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) लागू कर दिया है। इसमें मणिपुर के 5 जिलों के 13 थाना क्षेत्र को छोड़कर पूरे राज्य में आफस्पा अगले 6 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। वहीं अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों और राज्य के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में भी आफस्पा लागू कर दिया गया है। नगालैंड के जिन जिलों में एएफएसपीए को फिर से लागू किया गया है।

1. आठ जिलों में एएफएसपीए बढ़ाया
2. कानून सुरक्षा बलों को विशेष शक्तियां प्रदान करता है
3. मणिपुर के 5 जिलों के 13 थाना क्षेत्रों को छोड़कर बाकी हिस्सों में लागू



### इन क्षेत्रों में भी बढ़ा आफ्सपा

*साथ ही लोंगलेंग जिले में यांगलोक पुलिस थाना क्षेत्रए और वोखा जिले में भंडारी चांमपांग और रालान पुलिस थाने क्षेत्र जुनहेबोटो जिले में घटासी, पुघोबोट, सताखा सुरूहुतो, जुनहेबोटो और अघुनाटो पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को सशस्त्र बल,विशेष शक्तियां अधिनियम, 1958 की धारा 3 के अंतर्गत दिनांक 01.04.2025 से छः माह तक के लिए बढ़ा दिया गया है।*

### आफ्सपा के तहत सुरक्षा बलों को मिले हैं विशेष अधिकार

*आफ्सपा कानून सुरक्षा बलों को किसी व्यक्ति को बिना वारंट के गिरफ्तार करने, बिना वारंट के परिसर में प्रवेश करने या तलाशी लेने और अन्य कार्रवाई करने का अधिकार देता है। इसके साथ ही आफ्सपा गोली चलाने की भी अनुमति देता है। इसके अलावा सुरक्षाबलों को ये भी अधिकार है कि अगर कोई भी उग्रवादी या उपद्रवी घर में छिपा होता है तो उसे तबाह भी किया जा सकता है। इस कानून के तहत कार्रवाई तभी संभव है, जब केंद्र सरकार द्वारा इसे किसी अशांत क्षेत्र में लागू किया हो।*

### क्या है एएफएसपीए (आफस्पा)

*एएफएसपीए को अशांत इलाकों में लागू किया जाता है। इस कानून के तहत सुरक्षाबलों को एक महत्वपूर्ण ताकत मिलती है। इसके तहत सुरक्षाबलों के पास बिना वारंट के किसी को भी गिरफ्तार करने की ताकत होती है। साथ ही इसके कानून के चलते कई मामलों में बल प्रयोग का भी प्रावधान है। एएफएसपीए को सिर्फ अशांत क्षेत्रों में ही लागू किया जाता है।*

---

म्यांमार भूकंप पीड़ितों की मानवीय मदद

# भारतीय नौसेना के दो जहाजों पर भेजी गई राहत सामग्री



एजेंसी ▶▶ नाएप्यीडॉ

म्यांमार के भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए भारत ने नौसेना के दो जहाजों सतपुड़ा और सावित्री की मदद से राहत सामग्री भेजी है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत भेजी गई ये मानवीय मदद लेकर दोनों जहाज 29 मार्च को रवाना हुए। बता दें कि म्यांमार भूकंप में 1644 से अधिक मौतें हुई हैं, जबकि 2000 से अधिक लोग हताहत हुए हैं। म्यांमार के भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए भारत सरकार ने ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। पीड़ितों की मदद के लिए वायुसेना की मदद से खेप भेजी गई है। एनडीआरएफ की टीम को भी म्यांमार भेजा गया है। उत्तर प्रदेश के आगरा से फील्ड अस्पताल के 118 चिकित्साकर्मी भी म्यांमार भेजे गए हैं।

### संकट के समय मदद करना भारत की नीति

*विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारत सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाला देश रहा है। जब चक्रवात यागी ने म्यांमार पर कहर बरपाया था, उस समय भी भारत ने अभियान चलाया था। हमने म्यांमार के लोगों को राहत, सामग्री, मानवीय सहायता प्रदान की, न केवल म्यांमार के लोगों को बल्कि कई अन्य देशों को भी जो इससे प्रभावित हुए थे।*

### क्या है ऑपरेशन ब्रह्मा

*एक दिन पहले विदेश मंत्रालय ने ऑपरेशन ब्रह्मा को लेकर जानकारी दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया था कि ब्रह्मा सृजन के देवता हैं, इसलिए ऑपरेशन के यह नाम विशिष्ट है। उन्होंने कहा, संकट के समय सबसे पहले मदद करना भारत की विदेश नीति का हिस्सा है।*

---

## राज्यपाल सिन्हा ने मुठभेड़ में घायलों का हाल जाना



**जम्मू।** रविवार को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा कठुआ में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में घायल हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का दौरा किया।

### टोंगा के नजदीक 7.1 तीव्रता का भूकंप

**तोक्यो।** प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश टोंगा के निकट रविवार को 7.1 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया, जिसके बाद देश में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने मुताबिक, भूकंप स्थानीय समयानुसार रविवार देर रात के समय मुख्य द्वीप से लगभग 100 किलोमीटर (62 मील) उत्तर-पूर्व में आया। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर (185 मील) के भीतर स्थित तटों पर खतरनाक लहरें उठ सकती हैं। किसी नुकसान की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। टोंगा पोलिनेशिया में स्थित एक देश है, जो 171 द्वीपों से बना है तथा इसकी जनसंख्या 100,000 से कुछ अधिक है। देश की अधिकतर आबादी मुख्य द्वीप टोंगाटापू पर रहती है।

---

पीएम मोदी 4 अप्रैल को दो दिवसीय यात्रा पर

## पूर्व श्रीलंकाई राष्ट्रपति की पार्टी ने पीएम मोदी की प्रस्तावित श्रीलंका यात्रा का स्वागत किया

**कोलंबो।** पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस सप्ताह निर्धारित श्रीलंका यात्रा का स्वागत किया। पीएम मोदी चार अप्रैल को दो दिनों के लिए श्रीलंका की यात्रा करेंगे। यूएनपी ने एक बयान में कहा, यह यात्रा हमारे दो महान राष्ट्रों के बीच शाश्वत संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



यूएनपी ने कहा कि यह यात्रा जुलाई 2023 में अपनाए गए 'भारत-श्रीलंका आर्थिक साझेदारी विजन' को मजबूत करने का अवसर प्रस्तुत करती है। यूएनपी ने याद दिलाया कि श्रीलंका के आर्थिक संकट के दौरान भारत द्वारा दी गई चार अरब अमरीकी डॉलर की सहायता 'हमारी मित्रता की गहराई का प्रमाण' थी।

विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने कहा कि श्रीलंका के पूर्वोत्तर मन्नार और भारत के दक्षिणी क्षेत्र के बीच समुद्र के नीचे केबल के माध्यम से विद्युत ग्रिड एकीकरण पर समझौता ज्ञापन यात्रा के दौरान किए जाने वाले द्विपक्षीय समझौतों में से एक होगा। यह 2015 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से मोदी की चौथी श्रीलंका यात्रा होगी। उन्होंने आखिरी बार जून 2019 में श्रीलंका का दौरा किया था।

---

धमाके में कार के उड़े चिथड़े

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन की हत्या की कोशिश काफिले में शामिल लिमोजिन कार में धमाका

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

क्या रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हत्या की कोशिश की गई है? रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आधिकारिक कार बेड़े में शामिल लिमोजिन कार में धमाके के बाद ये सवाल उठ रहे हैं, कि क्या रूसी राष्ट्रपति पुतिन को निशाना बनाने की कोशिश की गई है? ये लिमोजिन कार करीब 275,000 पाउंड की थी, जिसमें देश की शीर्ष खुफिया एजेंसी एफएसबी के मुख्यालय के पास मास्को की एक सड़क पर हुई है।

धमाके के बाद कार के चिथड़े उड़ गए और उसमें आग लग गई। यूरोवीकली के अनुसार, यह घटना 29 मार्च को लुब्यंका के पास स्थित मास्को के एफएसबी मुख्यालय के उत्तर में एक सड़क पर घटी है। मिली जानकारी के अनुसार रूसी राष्ट्रपति की हत्या की कोशिश की गई है। यूक्रेन में युद्ध खत्म करने के लिए अमेरिका और रूसी राष्ट्रपति के बीच बातचीत हो रही है और इस दौरान सवाल उठ रहे हैं कि क्या व्लादिमीर पुतिन की हत्या की कोशिश की गई है? वायरल वीडियो में कार में लगी आग को देखा जा सकता है और देखा जा रहा है कि आग को बुझाने की कोशिश की जा रही है। माना जाता है कि कार के इंजन बे क्षेत्र में धमाका होने के बाद आग काफी तेजी के साथ कार के अंदरूनी हिस्से में फैल गई।



### अभी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

रूसी राष्ट्रपति को जान से मारने की कोशिश इस दौरान कार से धुंआ निकलता देखा गया है। माना जा रहा है कि इस घटना में वाहन का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया है। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि घटना के दौरान कार में कौन-कौन मौजूद था क्योंकि अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

---

## छाया घिबली का जादू, इमेज बनवाने के लिए लोग हुए दीवाने

घिबली स्टाइल इमेज बनाने की होड़ लग गई। सीईओ सैम अल्टमैन ने कहा कि वर्ल्डवाइट ट्रेंड के कारण चैटजीपीटी के जीपीयू पिघलने के कगार पर पहुंच गए हैं। जानिए आखिर चैटबॉट से घिबली इमेज बनवाने के लिए लोग इतने दीवाने क्यों हो गए हैं।

लोग चैटजीपीटी की बनाई तस्वीरों को पसंद कर रहे हैं

# लोगों ने घिबली इमेज बनाकर काटी इतनी मौज कि 'पिघल' गए चैटजीपीटी के जीपीयू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चैटजीपीटी से बनाए गए घिबली वर्जन की तस्वीरों ने दुनियाभर के इंटरनेट यूजर्स को क्रेजी कर दिया है। सोशल मीडिया पर घिबली स्टाइल इमेज अपलोड करने की जैसे होड़ सी मच गई है। लोग कई तरह के फोटोज अपलोड कर उनके मजेदार घिबली वर्जन बना रहे हैं। बुधवार को ओपनएआई के सीईओ सैम अल्टमैन ने अपनी घिबली इमेज अपलोड करके इस ट्रेंड को हवा दे दी।



### पिघल रहे हैं जीपीयू



*कुछ यूजर्स ने पहले एक्स पर ट्विट कर बताया था कि घिबली वर्जन इमेज चैटजीपीटी के प्रीमियम वर्जन में बनाया जा सकता है। हालांकि, बाद में कई यूजर्स ने पाया कि यह फ्री वर्जन में काम कर रहा है। इसके बाद चैटजीपीटी यूजर्स के बीच तस्वीरों को घिबली में बदलने की होड़ लग गई। इसी बीच सैम अल्टमैन ने एक्स पर ट्वीट कर बताया कि उनके जीपीयू 'पिघल' रहे हैं। दरअसल, चैटजीपीटी जैसे चैटबॉट कमांड से तस्वीरों को क्रिएट करने के लिए ग्राफिकल प्रोसेसिंग यूनिट, यानी जीपीयू का इस्तेमाल करते हैं।*

### जल्दी ही प्रतिदिन 3 जनरेशन मिलेंगी

सैम अल्टमैन ने ट्वीट किया कि, यह देखना बहुत मजेदार है कि लोग चैटजीपीटी की बनाई तस्वीरों को पसंद कर रहे हैं। लेकिन हमारे जीपीयू पिघल रहे हैं। हम इसे और अधिक कुशल बनाने पर काम करते हुए अस्थायी रूप से कुछ दर सीमाएं लागू करने जा रहे हैं। उम्मीद है कि इसमें ज़्यादा समय नहीं लगेगा! चैटजीपीटी फ्री टियर को जल्द ही प्रतिदिन 3 जनरेशन मिलेंगी।

### भारत के लोगों ने खूब ली मौज

घिबली वर्जन इमेज बनाने में भारत के लोग भी पीछे नहीं रहे। पिछले 24 घंटो से भारत में स्टूडियो घिबली गूगल पर तीसरे नंबर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं इंटरनेट पर इसे 1 लाख से ज्यादा लोग सर्च कर चुके हैं।

### क्या है स्टूडियो घिबली?

लोग अमेरिकी प्रेजिडेंड डोनॉल्ड ट्रंप से लेकर पीएम नरेंद्र मोदी तक के घिबली स्टाइल कार्टून इमेज बना रहे हैं। इंटरनेट पर कई वायरल मीम्स के भी कार्टून बनाए जा रहे हैं।

### आप भी बना सकते हैं घिबली इमेज

चैटजीपीटी अपने लेटेस्ट मॉडल जीपीटी-4o का इस्तेमाल कर रहा है। घिबली इमेज जनरेशन इसी मॉडल से संभव हो पाया है। इसका सबसे रोचक पहलू यह है कि यह स्टूडियो घिबली की प्रसिद्ध कार्टून शैली को बखूबी दोहरा सकता है।

---

हादसे की जांच शुरू

# अमेरिका में घर से टकराया बेकाबू विमान, एक की मौत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में एक छोटा यात्री विमान हादसे का शिकार हुआ है। विमान में सवार कम से कम एक व्यक्ति की दुर्घटना में मौत हो गई है। हादसे की जांच अभी शुरुआती दौर में है, ऐसे में मौतों की संख्या बढ़ भी सकती है। ये विमान शनिवार को आयोवा से मिनेसोटा जा रहा था, तभी दुर्घटनाग्रस्त होकर मिनियापोलिस में एक मकान पर गिर गया। से प्लेन और मकान में भीषण आग लग गई। पार्क प्रवक्ता रिसिकट अडेसोगुन ने बताया है कि घर में रहने वालों को इस हादसे में कोई चोट नहीं आई है।



### धू-धू कर जल उठा घर

*जांचकर्ताओं ने कहा कि यह अभी तक पता नहीं चल पाया है कि सिंगल-इंजन सोकाटा टीबीएम7 विमान में कितने लोग सवार थे। ये साफ हो गया है कि यात्रियों में से कोई भी जीवित नहीं बचा है। शनिवार दोपहर को ये विमान 10792 काइन एवेन्यू पर एक घर से टकराया।*

## जय श्रीराम के जयघोष के साथ की हिन्दू राष्ट्र बनाने की मांग

# भगवा ध्वज, मंगल कलश शोभायात्रा से किया हिन्दू नववर्ष का स्वागत






**नारायणी सेना जाबालिपुरम ने किया आयोजन**

जबलपुर।

नारायणी सेना जाबालिपुरम के तत्वावधान में सनातन हिंदू नववर्ष चैत्र प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 नव संवत्सर और चैत्र नवरात्रि के शुभ आगमन पर रविवार को पूज्य भगवा ध्वज, मंगल कलश शोभयात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा दमोहनाका हितकारिणी स्कूल, मिलौनीगंज, कोतवाली, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, मालवीय चौक होते हुए पुनः बड़ा फुहारा पहुंची। इस मौके पर सभी ने भगवा रंग की पगड़ी (साफा) पहनकर शोभायात्रा को आकर्षक बनाया। कार्यक्रम के दौरान हिन्दू राष्ट्र बनाए जाने की भी मांग की गई। चैत्र नवरात्र के अवसर पर हिन्दू नववर्ष का स्वागत बड़े ही हर्षोल्लास के साथ नारायणी सेना जाबालिपुरम के द्वारा किया गया। इस दौरान भव्य भगवा ध्वज, मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई। यहां पर भव्य शोभायात्रा का जय श्रीराम के जयघोष और शानदार आतिशबाजी के साथ समापन हुआ। भव्य शोभायात्रा संतों की अगुवाई में निकाली गई। जिसमें प्रमुख रूप से स्वामी राघवदेवाचार्य, नारायाणी सेना जालाबापुरिम प्रमुख सीताराम सेन आदि उपस्थित रहे।

### शोभायात्रा के माध्यम से दिया संदेश

इस संबंध में नारायणी सेना जाबालिपुरम के प्रमुख सीताराम सेन ने बताया कि हर वर्ष चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर हिन्दू नववर्ष का स्वागत करने भव्य शोभायात्रा निकाली गई, इस दौरान स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, नशामुक्त भारत, शक्तिशाली भारत का संदेश दिया गया, वहीं इस बार बटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे, का भी संदेश दिया गया।

### झांकियां रहीं शामिल

भगवा ध्वज, मंगल कलश शोभायात्रा के दौरान श्रीराम मंदिर की झांकी, दुर्गा माता की प्रतिमा, शंकर भगवान की प्रतिमा, गणेश भगवान की प्रतिमाएं सहित जीवंत झांकियां भी शामिल रहीं। शोभायात्रा में शामिल बैण्ड, ढोल, धमाल और कांसों के माध्यम से नववर्ष का स्वागत किया गया, जिसमें श्रीराम जी के भजन व हनुमान जी और माता के भजनों की शानदार प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा। वहीं दुलदुल घोड़ी सहित भगवा ध्वज और भगवा वस्त्र शोभायात्रा में आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहे।

### शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

मंगलकलश शोभायात्रा का विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संगठनों के द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया, जिन्होंने पुष्पवर्षा कर हिन्दू नववर्ष की बधाईयां देते हुए धर्मावलंबियों का स्वागत किया। आयोजन के द्वारा सभी धर्मावलंबियों ने भगवा वस्त्र धारण कर शोभायात्रा की गरिमा बढ़ाई।

## माता गुजरी कॉलेज के गणित विभाग द्वारा लेटेक्स पर वर्कशॉप संपन्न



**जबलपुर।** माता गुजरी कॉलेज के गणित विभाग द्वारा डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पाहवा और रजिस्ट्रार डॉ. सत्येंद्र कुररिया के मार्गदर्शन में तथा विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सुनीता सोनी के निर्देशन में 24 मार्च से 28 मार्च 2025 तक पांच दिवसीय लेटेक्स वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को लेटेक्स की मूल बातों से लेकर उन्नत स्तर तक की जानकारी प्रदान की गई। इस वर्कशॉप के रिसोर्स पर्सन डॉ. रवि विश्वकर्मा, सहायक प्राध्यापक, गणित विभाग, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज जबलपुर से थे। वर्कशॉप में छात्राओं ने लेटेक्स के विभिन्न विषयों पर चर्चा की, जिनमें लेटेक्स की मूल बातें, गणितीय नोटेशन, ग्राफिक्स, चित्र और लेटेक्स के उन्नत विषय शामिल थे। वर्कशॉप में भाग लेने वाली छात्राओं ने शोध पत्रों और परियोजनाओं में लेटेक्स का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में सक्षम होने पर संतुष्टि व्यक्त की। इस वर्कशॉप में गणित विभाग के सदस्य डॉक्टर कुलवंत कौर, डॉक्टर कल्पना मिश्रा, डॉक्टर शीतल यादव तथा मिसेज शमीम परवीन उपस्थित थे। डॉ. सुनीता सोनी ने कहा कि हमें विश्वास है कि यह वर्कशॉप हमारी छात्राओं को अपने शोध पत्रों और परियोजनाओं में लेटेक्स का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में मदद करेगी।

## पालतु पशु को घायल करने व जहर देने के प्रयास पर एसपी को ज्ञापन सौंपा

जबलपुर।



मैं अजय कुमार वर्मा पिता रामकुमार वर्मा, निवासी धनश्री रेसीडेन्सी म.नं.-86 कटंगी बाईपास रोड म.प्र. का स्थाई निवासी हूँ, यह कि दिनांक 22.03.2025 को समय सुबह के 6:50 के दौरान देवेश कुमार मेहरा व उनकी माता दोनों निवासी ब्लाक नं ए फ्लेट नं 304, धनश्री रेसीडेंसी अपार्टमेंट जबलपुर म.प्र के द्वारा मेरे 8 साल के बुजुर्ग कुत्ता (गब्बर) पशु के ऊपर एक लकड़ी के मोटे डंडे से वार किया गया था व मेरे पालतु पशु के शरीर पर व उसके कमजोर पैरों पर जानलेवा प्रहार किया गया था, जिससे मेरे कुत्ते को असहनीय दर्द व चोटें आयी हैं जो कि मेरे निवास के पते धनश्री रेसीडेन्सी म.नं.-86 कटंगी बाईपास रोड जबलपुर म.प्र. में लगे हुए सी.सी.टी.वी. कैमरा पर सब कैद हुआ है। यह कि उक्त दुर्घटना के तत्पश्चात देवेश कुमार मेहरा व उनकी माँ द्वारा उक्त परिसर के कई अन्य पशुओं के साथ भी दुर्व्यवहार व उसी डंडे से प्रहार किया गया था, जिसके चलते मोहल्ले के अन्य पशुओं को भी चोटें आयी हैं। यह कि उक्त घटना से मेरा 8 वर्षीय पशु बहुत ही मानसिक तौर से भयभीत हो चुका है, जिससे उससे न ही कुछ खाया जा रहा ठीक से और न ही घर के बाहर निकला जा रहा है यह कि किसी भी पशु के साथ क्रूरता करना या उसे चोटिल करना पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत दंडनीय अपराध है, एस.पी से मेरा निवेदन है कि उक्त दर्दनीय घटना को देखते हुए देवेश कुमार मेहरा व उनकी माता व अन्य लोग जो भी शामिल थे उनके खिलाफ जांच कर उचित वैधानिक व दंडनीय कार्यवाही की जाए जिससे उनके द्वारा मूक बेजुबान पशुओं को न्याय दिलाया जाए।



## बिहार-यूपी युवा महासंघ ने दी विदाई

**जबलपुर।** बिहार उत्तरप्रदेश युवा महासंघ ने अपने संघ के वरिष्ठ साथी विनोद कुमार उपाध्याय जो कि खमरिया के ईई अनुभाग में पदस्थ हैं उनकी सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी। साथ ही युवा साथी मुकेश कुमार का आयुध निर्माणी खमरिया से स्थानांतरण आयुध निर्माणी नालन्दा हुआ है, उन्हें भी विदाई दी गई। संस्था के अध्यक्ष शशि शेखर आर्या ने सभी का स्वागत किया, सचिव सत्यम कुमार ने आभार प्रगट किया, मंच संचालन अनिल गुप्ता ने किया। कोषाध्यक्ष रविकांत, राकेश रंजन, हरि ओम पाठक, संतोष सिंह, संगम कुमार, रविश रंजन, पंकज कुमार,अशोक सिंह, प्रमोद, धरतेश कुमार, विजय सिंह, भूपेंद आदि मौजूद रहे।

## हिंदू संस्कृति नववर्ष दर्शन यात्रा है सनातन संस्कृति का प्रतीक

जबलपुर। मां त्रिपुरा सुंदरी यात्रा, हिंदू नववर्ष एवं मां त्रिपुरा सुंदरी यात्रा प्रतिवर्ष अनुसार 6-6 माह में, प्रथम रविवार को यह यात्रा प्रारंभ होती है, स्टेडियम परिवार समस्त सदस्यों का एवं माता की झांकी का पूजन कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ स्वागत वंदन के साथ हर 6 माह में करता है, यात्रा में आने वाले लोगों को प्रसाद के रूप में स्वल्पाहार के रूप फल वितरित कर स्वागत किया जाता है, शहर के तमाम गणमाान्य नागरिक इस यात्रा में शामिल होते हैं। कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ के सदस्य एवं अध्यक्ष के द्वारा तिलक वंदन कर नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ लोगों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष धनंजय बाजपेई, विवेक कोहली, विजय गुप्ता, पवन गुप्ता, विजय साहू, संतोष पटेल, अंकित गुप्ता, इंजीनियर रविंद्र तिवारी, राहुल सेन आदि ने स्वागत किया।



## पांच प्याऊ का एक साथ हुआ उद्घाटन

**नए वर्ष शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से किया स्वागत**

**जबलपुर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल के द्वारा लगातार सन 1984 से पांच प्याऊ से चलते हुए राहगीरों के लिए शुद्ध पानी पीने की व्यवस्था की जा रही है। जिसके अंतर्गत बड़ा फुहारा में, जमुना प्रसाद चौक गोलबाजार में, रानीताल से मदन महल रोड पर, बल्देवबाग चौक पर तथा दमोहनाका बधैया मोहल्ला रोड पर विधि विधान से पूजन अर्चन कर प्याऊ प्रारंभ किए गए, वहीं नववर्ष शोभायात्रा का बड़ा फुहारा में स्वागत किया गया। 7 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से रात 9:00 तक जड़ी-बूटियां की हवन सामग्री सरयू मैया का जल का वितरण आज से प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल, एडवोकेट सचिन अग्रवाल, अशोक पोद्दार, संस्कार आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति ने लिया प्रवासीय भारतीयों पर अमेरिका द्वारा की हुई क्रूरता के पत्र का संज्ञान

**जबलपुर।** अमेरिका ने प्रवासी भारतीयों को हथकड़ी लगाकर भारतवासियों का अपमान किया था, जिस पर राष्ट्रपति को पत्र लिखकर शिकायत दी गई थी, जिस पर राष्ट्रपति द्वारा गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करते हुए संज्ञान लिया गया और जल्द ही अमेरिका से बात कर ठोस निर्णय किये जाने का आश्वासन दिया गया। इसमें डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. आशीष डेंगरा, महेश ठाकुर, एड. आशुतोष चतुर्वेदी, डॉ. अभिजीत जैन, डॉ. प्रशांत जैन, कमरुल इस्लाम ख़ान सहित अन्य शामिल हुए।



## धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा प्रगति संघ जबलपुर का होली मिलन समारोह

**जबलपुर।** रंगोत्सव के समापन के बाद भी शहरवासियों पर होली का खुमार चढ़ा है। जगह- जगह होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुराना कंचनपुर में विश्वकर्मा प्रगति संघ के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सांस्कृतिक और लोक संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रमों का समावेश रहा, कार्यक्रम के शुरू होने के पहले, मुख्य अतिथि विधायक अशोक रोहाणी ने भगवान श्री विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया, इस दौरान रीना ऋषि यादव (पार्षद), बलिराम विश्वकर्मा, नरेंद्र विश्वकर्मा, रामसेवक विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कवयित्री प्रभा विश्वकर्मा और उनकी टीम द्वारा एक से बढ़कर एक कविताओं की प्रस्तुति दी गई, जिसे सुन सभी समाज के लोग मंत्र मुग्ध हो गए। विश्वकर्मा समाज के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष परंपरा अनुसार होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है, इसका उद्देश्य समाज के लोगों को एकत्रित करना और त्योहारों की खुशियां साझा करना है। विश्वकर्मा समाज के लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विश्वकर्मा महा संगठन के रविंद्र विश्वकर्मा, एडवोकेट ओपी विश्वकर्मा, बंटी विश्वकर्मा, शरद विश्वकर्मा, कैलाशपुरी विश्वकर्मा समाज से राम राज विश्वकर्मा, विश्वकर्मा प्रगति संघ के पदाधिकारी डॉ. जीपी शर्मा, राजू विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।




## हेल्थ केयर में 10 हजार करोड़ का निवेश

**मेडिसिन अपडेट 2025 सेमिनार में बोले उपमुख्यमंत्री शुक्ल**

**जबलपुर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने यहां कहा की स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में मध्य प्रदेश ने प्राथमिकता से काम हो रहे हैं. देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव लगातार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की चिंता कर रहे हैं. श्री शुक्ल ने कहा कि मेडिसिन अपडेट जैसे सेमिनार नए निष्कर्ष निकालने में सहायक होते हैं, जिससे नई पीढ़ी को इसका लाभ भी मिलता है। श्री शुक्ल यहां होटल विजन महल में एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया के जबलपुर चेप्टर द्वारा आयोजन 26वें मेडिसिन अपडेट 2025 सेमिनार को संबोधित कर रहे थे ।

इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है। मेडिकल कॉलेज में प्रदेश में एमबीबीएस की 10 हजार और पीजी में 5 हजार सीट की वृद्धि की जाएगी। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मध्य प्रदेश में 10 हजार करोड़ का निवेश हेल्थ केयर में किया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि डॉक्टरों की क्वालिटी और मानक मानवता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। समय के साथ उन्हें अपडेट रहना चाहिए और ऐसे सेमिनार से नई जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को सेवा भाव से कार्य कर समाज में उत्कृष्ट योगदान देना चाहिए। उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया। समारोह में शामिल हुये वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई ने कहा कि मेडिसिन अपडेट समय की मांग है। एलोपैथी में नई खोजों से पीड़ित मानवता की सेवा होती है। उन्होंने आयुष के क्षेत्र में हो रहे शोध कार्यों की भी सराहना की। इस दौरान एआईपी के प्रेसिडेंट डॉ. नवीन शर्मा, सचिव डॉ. अभिषेक तिवारी, सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा और अन्य प्रतिष्ठित चिकित्सक मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## हिन्दू एकता के लिए आज निकलेगी विशाल गदा यात्रा

**हिन्दू सेवा परिषद के स्थापना दिवस, हिन्दू नववर्ष पर भरेंगे हिन्दू राष्ट्र की हुंकार**

**जबलपुर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी हिन्दू सेवा परिषद् द्वारा स्थापना दिवस एवं हिन्दू नववर्ष के अवसर पर श्री हनुमान मंदिर नौदराब्रिज से 31 मार्च को दोपहर 12 बजे ऐतिहासिक गदा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें जगदगुरु राघव देवाचार्य महाराज एवं डॉ. स्वामी मुकुंददास महाराज एवं संस्कारधानी के समस्त संतजनों की अगुवाई में इस विशाल गदा यात्रा को भगवा ध्वज दिखाकर प्रारंभ किया जाएगा। मुख्य अतिथि स्वामी दीपांकर महाराज (सहारनपुर), आनंद जब एवं आनंद जाखोटिया (हिन्दू जन जागृति) मुख्य रूप से शामिल होंगे। हिन्दू सेवा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि यात्रा में मुख्य आकर्षण का केन्द्र 31 फीट मिट्टी की गदा बैलगाड़ी में रहेगी, साथ ही भगवा ध्वज लिए हजारों हिन्दू राम भक्त यात्रा में शामिल होंगे। मुख्य अतिथि स्वामी दीपांकर महाराज सभी हिन्दुओं से हिन्दू होने की भिक्षा भी मांगेंगे और हिन्दू राष्ट्र की मांग को प्रबल बनाने संकल्पित होंगे। हिन्दू सेवा परिषद समस्त शहरवासियों से निवेदन करता है कि वे इस यात्रा में हजारों की संख्या में सम्मिलित होकर यात्रा को सफल बनाएं। गदा यात्रा निकालने का मुख्य उद्देश्य अब भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना है। गदा यात्रा में उपस्थिति की अपील अतुल जेसवानी, धीरज ज्ञानचंदानी, सौरभ जैन, उत्कर्ष रावत, नितिन सोनपाली, गौरव साहू, दीपक विश्वकर्मा, अनिल कुशवाहा, रवि कुशवाहा, उमेश रजक, विनय राजपूत, साहिल कुशवाहा, अक्षय शुक्ला, निखिल कनौजिया, जितेन्द्र कुमार, अभिषेक अहिरवार सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने की है।

## श्रमदान कर पनागर परियट नदी में स्वच्छता, गहरीकरण कार्य किया

जबलपुर।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा 30 मार्च को निरंदपुर पनागर में परियट नदी में स्वच्छता, साफ सफाई एवं नदी गहरीकरण का कार्य नदी संरक्षण, पुनःजीवन जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी, विकासखंड समन्वयक भारत महरोलिया, नवांकुर संस्था अध्यक्ष जनहित स्वयंसेवी संस्था संजीत अहिरवार के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम प्रस्फुटन समिति निरंदपुर अध्यक्ष राजकुमार बर्मन, उप सरपंच चन्द्रप्रताप परिहार, ग्राम सचिव राजेश पटेल, समस्त प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आशीष कुमार शुक्ला पिता स्व. अरूण कुमार शुक्ला यह घोषणा करता हूँ कि मेरी पुत्री यशिका ईशानी शुक्ला पिता आशीष कुमार शुक्ला जिसका जन्म प्रमाण पत्र में यशिका शुक्ला लिखा है। जिसे आज दिनांक से बदलकर मैने अपनी पुत्री का नाम शैक्षणिक व निवासिक दस्तावेज के अनुसार यशिका ईशानी शुक्ला पिता आशीष कुमार शुक्ला रख लिया है। अतः आज दिनांक से मेरी पुत्री को शैक्षणिक व निवासिक दस्तावेजों के अनुसार जाना पहचाना पढ़ा लिखा जावे।

पुराना नाम-यशिका शुक्ला
पिता आशीष कुमार शुक्ला
नया नाम - यशिका ईशानी शुक्ला
पिता आशीष कुमार शुक्ला
पता- HN0402 राम आसरे भवन अरूण शुक्ला मार्ग गढ़ा फाटक जबलपुर (म. प्र.)